भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1346

09 फरवरी, 2022 को उत्तर के लिए

कुमारबाग इस्पात संयंत्र

1346. श्री सुनील कुमार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के अंतर्गत कुमारबाग इस्पात संयंत्र विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 में उक्त इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने बिहार के चंपारण जिले के कुमारबाग, बेतिया में एचआर क्वाइल और जीपी क्वाइल को क्रमशः पाइपों और कौर्यूगेटेड शीट में प्रसंस्कृत करने हेतु लगभग 127 करोड़ रुपये की लागत से एक इस्पात प्रसंस्करण इकाई (एसपीयू) की स्थापना की है। इस संयंत्र के स्थिरीकरण और उत्पादन में वृद्धि का कार्य किया जा रहा है।

(ग) और (घ): स्थानीय बाजार में कम माँग, उत्पाद की कम विक्रयशीलता, उत्पादित बेतिया पाइपों की कम बिक्री आदि को ध्यान में रखते हुए, उपर्युक्त इस्पात संयंत्र की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए वर्ष 2020-21 में पूँजीगत व्यय (कैपेक्स) के तहत कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

****